Youth Arrested With Fake Notes Of 35 Lakhs

# 35 लाख के नकली नोट के साथ युवक अरेस्ट

हौंडा सिटी कार की चेकिंग के दौरान पुलिस ने 35 लाख के नकली नोट बरामद कर लिए। एक ही सीरियल के 2 हजार और 500 के काफी नकली नोट बरामद कर लिए हैं।

नवभारत टाइम्स | Updated: 05 Oct 2019, 11:05:00 AM IST



**गुड़गांव**

चुनाव आयोग की विशेष टीम ने चेकिंग के दौरान एक हौंडा सिटी कार से करीब 35 लाख के नकली नोट बरामद किए हैं। सिविल लाइंस रोड स्थित चर्च के सामने कार की चेकिंग के दौरान एक ही सीरियल के 2 हजार व 500 के नोट काफी मात्रा में मिले। कार से फोटोकॉपी किए पेज भी बरामद हुए जिन पर दो हजार के नोट छपे हुए थे। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है।

चुनाव आयोग की ओर से बनाई गई टीम 3 के इंचार्ज असिस्टेंट रजिस्ट्रार ऋषि कुमार हैं। गुरुवार शाम वह अपनी टीम के साथ सिविल लाइंस स्थित चर्च के सामने नाका लगाए हुए थे। टीम में दो पुलिसकर्मी व एक कैमरामैन शामिल हैं। सदर बाजार की ओर से आई सफेद हौंडा सिटी कार नंबर एचआर 26 डीए 6652 को चेकिंग के लिए रोका गया। कार की डिग्गी में दो हजार व 500 के नोट थे। 2 हजार के नोट की 18 गड्डी व 500 के नोट की 2 गड्डी थी। कुल 34 लाख 68 हजार 500 रुपये के नोट बरामद किए गए।

टीम ने कार सवार एक युवक को काबू किया जबकि दूसरा भाग निकला। युवक की पहचान बादशाहपुर निवासी हर्ष यादव के तौर पर हुई है। चेकिंग के दौरान ही एक लाल बैग में सफेद कोरे कागज के तीन पैकेट, 2 चेक बुक व 6 सफेद कागज मिले। इनमें से 5 कागजों पर 2-2 हजार के नोटों की कलर फोटोस्टेट व 1 कागज पर ब्लैक एंड वाइट फोटोस्टेट थी। इससे साफ हुआ कि यह सभी नकली नोट फोटोकॉपी कर काटे गए थे।

सभी सामान जब्त कर पुलिस को मौके पर बुलाकर आरोपित को हवाले कर दिया गया है। असिस्टेंट रजिस्ट्रार की शिकायत पर सिविल लाइंस थाना में आईपीसी की धारा 489ए, 489बी, 489सी व 489डी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

चुनाव आयोग की स्टेटिक्स सर्विलांस टीम 3 के इंचार्ज असिस्टेंट रजिस्ट्रार ऋषि कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान नकली नोट बरामद हुए जो फोटोकॉपी किए हुए थे। पूरे सामान के साथ आरोपित को पुलिस के हवाले कर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जांच की जा रही है कि कहीं चुनाव में प्रयोग के लिए तो ये नकली नोट नहीं ले जाए जा रहे थे।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/gurgaon/youth-arrested-with-fake-notes-of-35-lakhs/articleshow/71441168.cms